अमर उजाला 11/02/2023

# पोस्टरों से दिया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश



गांव खुड्डा कला में जागरुकता अभियान चलाती जीएमएन कॉलेज की एनएसएस इकाई। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज एनएसएस यूनिट की ओर से गांव खुड्डा कलां में चलाए जा रहे सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत योग से हुई। सभी स्वयंसेवकों को योग की विभिन्न मुद्राओं से परिचित कराया। योग उपरांत विद्यार्थियों की ओर से सफाई अभियान और विभिन्न पोस्टर बनाए। इसमें स्वयंसेवकों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया।

स्वयंसेवकों ने पोस्टरों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में यश कलश स्थापित करती स्त्री की छवि को उकेरा। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि विद्यार्थी बड़े उत्साह और ऊर्जा के साथ एनएसएस शिविर की गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। प्राचार्य ने बताया कि उनकी प्रतिभा कौशल को बाहर निकालने के लिए पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिता करवाई गई। शिविर के दूसरे सत्र में विद्यार्थियों की ओर से भोजन बिना अग्नि प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें स्वयंसेवकों ने विभिन्न व्यंजन तैयार किए। डॉ. धर्मवीर सिंह ने बताया कि एनएसएस गीत के माध्यम से किया। मानसिक और शारीरिक सक्रियता के लिए व्यायाम की भूमिका अद्वितीय है।